श्री बंशीधर नगर, बुधवार
26.06.2024
आषाढ़ कृष्णपक्ष चतुर्थी संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 301

**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 05:09 बजे
अस्त - 06:47 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 37 डिग्री से.
न्यूनतम : 29 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com | युवक की गोली मारकर हत्या, एनएच जाम >> पेज 03 | ओम बिरला का लोस अध्यक्ष बनना तय >> पेज 04

## सुविचार

सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नहीं, बल्कि मजबूत बनाने आती है!

## न्यूज अपडेट्स

### रातू थाने का सब इंस्पेक्ट 35000 घूस लेते गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची में रातू थाना के सब इंस्पेक्टर को घूस लेते मंगलवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की रांची ब्रांच की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। टीम ने सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह को 35 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि कि सत्येंद्र सिंह ने केस डायरी मैनेज करने के नाम पर घूस की मांग की थी। हालांकि वादी घूस देने को तैयार नहीं था, जिसके बाद उसने इसकी शिकायत एसीबी से की। एसीबी ने पूरे मामले का सत्यापन कराया। सत्यापन में एसीबी ने घूस मांगे जाने की बात सही पायी। इसके बाद एसीबी ने कार्रवाई करते हुए सब इंस्पेक्टर को रंगेहाथ घूस लेते गिरफ्तार कर लिया।

### राहुल गांधी होंगे सदन में कांग्रेस के नेता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने औपचारिक तौर पर घोषणा कर दी है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं रायबरेली से सांसद राहुल गांधी लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता होंगे। मंगलवार को दिन में हुई बैठक के बाद देर शाम कांग्रेस महासचिव ने यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सदन में कांग्रेस संसदीय दल के नेता के रूप में नामित किया है।

**समीक्षा** सीएम चंपाई सोरेन ने स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा की

# आयुष्मान कार्ड से वंचितों को नयी सुविधा

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य का कोई भी गरीब व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे, इसके लिए सरकार एक नई योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित वैसे सभी व्यक्ति, जिनका राशन कार्ड होगा, उन्हें 15 लाख रुपये तक की इलाज की सुविधा मिलेगी। ऐसे में इस योजना को जल्द से जल्द शुरू करने की सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री मंगलवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक कर रहे थे।



### स्वास्थ्य उप केंद्रों को सुविधा दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों को बेहतर बनाया जाए ताकि ग्रामीणों को यहां प्राइमरी इलाज की सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि यहां स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति होनी चाहिए। इसके साथ स्वास्थ्य उप केंद्र के बाहर नोटिस बोर्ड लगाया जाए, जिसमें संबंधित स्वास्थ्य कर्मी का नाम और मोबाइल नंबर अंकित हो, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई भी ग्रामीण उससे संपर्क कर सके।

### नर्सिंग स्कूलों और कॉलेज की कैपेसिटी बढ़ाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी नर्सिंग स्कूल और कॉलेज में विद्यार्थियों की जो वर्तमान क्षमता है, उसे बढ़ाया जाए। इसके साथ इन नर्सिंग स्कूल और कॉलेजों में जो विद्यार्थी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलना चाहिए । इसके साथ इन विद्यार्थियों के बेहतर प्लेसमेंट की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर और मजबूत बनाने के लिए मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है । इस दिशा में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग कदम उठाए। निवेशकों को या भरोसा दिलाएं कि मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए उन्हें सरकार की ओर से सभी जरूरी सहयोग किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने दिए कई अहम निर्देश

- सभी अस्पतालों में एक ही भवन में ओपीडी और चिकित्सा जांच की सुविधा उपलब्ध हो।
- सभी स्वास्थ्य उप केंद्र और अन्य अस्पतालों में बाउंड्री वॉल का निर्माण के साथ परिसर में वृक्षारोपण किया जाए।
- अस्पतालों में डायलिसिस यूनिटों की संख्या में बढ़ोतरी की जाए।
- रांची सदर अस्पताल में एमआरआई मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करें
- अस्पतालों के आधारभूत संरचना की मरम्मत, पेयजल शौचालय और बिजली की व्यवस्था, प्रसव कक्ष, चिकित्सीय उपकरण और दवा की व्यवस्था होनी चाहिए।
- वैसे स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल जहां आईसीयू बेड की व्यवस्था नहीं है, वहां आईसीयू बेड तथा टेली आईसीयू इनेबल्ड केयर क्रिटिकल केयर यूनिट को शुरू करने की पहल हो।
- 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन बेहतर तरीके से हो।

बैठक में मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन के एमडी अबू इमरान, एनएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख डॉ. सीके साही और निदेशक औषधि ऋतु सहाय समेत स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक यथाशीघ्र तय करें

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राज्य सरकार की रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक यथाशीघ्र तय करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। मुख्यमंत्री मंगलवार को खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह एक अति महत्वपूर्ण योजना है, जिसका मकसद गरीब और वंचित परिवारों को किफायती दर पर गैस सिलेंडर देना है ताकि वे इसका नियमित इस्तेमाल कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ाने की पहल करें। इसके तहत हरा राशन कार्ड जारी करने का जो निर्धारित लक्ष्य है, उसमें बढ़ोतरी की जाय। नए लाभुकों को इस योजना से जोड़ने की दिशा में शीघ्रता से कदम उठाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो पहिया वाहनों के लिए पेट्रोल क्रय पर अनुदान के लिए मुख्यमंत्री सपोर्ट योजना योजना की शुरूआत हुई थी लेकिन इस योजना का बेहतर परिणाम देखने को नहीं मिला है। ऐसे में इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभुक लाभ लेने के लिए आगे आएं, इसके गाइडलाइन और स्वरूप में बदलाव लाने की जरूरत है। अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने इस योजना के गाइडलाइन को सरल बनाने का निर्देश दिया ताकि यह योजना सार्थक साबित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को मात्र पांच रुपये में एक वक़्त का भोजन उपलब्ध कराने के लिए शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में कई दाल भात केंद्र संचालित हैं। उन्होंने इन दाल-भात केंद्रों को सुदृढ़ बनाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि इसे साफ-स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए समुचित कदम उठाए जाएं। राज्य सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा गरीब लोग इन केंद्रों में भोजन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना के तहत दिए जाने वाले धोती, लूंगी और साड़ी की क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए।

## हाथियों के झुंड ने पीडीएस डीलर को कुचल कर मार डाला

**मेदिनीनगर।** पलामू से सटे गढ़वा जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र के पर्रो गांव में सोमवार की रात हाथियों के झुंड ने एक जनवितरण प्रणाली के डीलर पर हमला बोला एवं कुचल दिया, जिससे वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया। मंगलवार सुबह में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना उस वक्त हुई जब पीडीएस डीलर अपने घर में सो रहे थे। इस घटना में उनकी पत्नी बाल बाल बच गई। डीलर के साथ उसकी पत्नी भी साथ में थी। मृतक की पहचान पर्रो गांव के पीताम्बर सिंह के 46 वर्षीय पुत्र राशन डीलर सह ब्यास महरु सिंह के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार रात 11.30 बजे महरु सिंह गांव के पुरबारा टोला स्थित अपने पुराने घर पर सोए हुए थे। उस समय उनकी पत्नी भी मौजूद थी। इसी बीच अचानक हाथियों का झुंड पहुंचा एवं हमला करते हुए महरु सिंह को पटककर कुचल दिया। परिजनों ने आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए भंडरिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डालटनगंज के एमआरएमसीएच में रेफर कर दिया गया, लेकिन इलाज के दौरान मंगलवार सुबह उनकी मौत हो गई। इधर घटना के बाद मंगलवार को वनपाल ललन कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद मृतक के परिजनों को मुआवजा मिलेगा।

## झारखंड कैडर के 142 अधिकारियों की वरीयता सूची निर्धारित

रांची। राज्य सरकार ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) से नियुक्त तथा झारखंड गठन के उपरांत कैडर विभाजन के बाद झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के 142 पदाधिकारियों की अंतिम वरीयता सूची का निर्धारण कर दिया है। कार्मिक विभाग ने मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। एक जनवरी को झाप्रसे सेवा में कार्यरत पदाधिकारियों की वरीयता का निर्धारण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। औपबंधिक वरीयता सूची जारी करने के बाद छह मई को आपत्ति व सुझाव मांगा गया था। सारे सुझावों पर ध्यान देते हुए अधिकारियों की नियुक्ति तिथि, सेवानिवृति तिथि, योगदान की तिथि, आरक्षण कोटि, वरीयता क्रमांक का आवश्यकतानुसार संशोधन करते हुए वरीयता में समावेशित किया गया। कार्मिक विभाग ने एक जनवरी तिथि तक कार्यरत बिहार लोक सेवा आयोग से नियुक्त अधिकारियों की अंतिम सूची प्रकाशित की। अब अधिकारियों के प्रमोशन व वरीयता के अनुसार ही सारा कार्य किया जायेगा।

**इस प्रकार है वरीयता सूची :** अनिल कुमार, बंका राम, पवन कुमार, जयकिशोर प्रसाद, राजेश कुमार राय, फिलिवियूस बारला, मो.शाहिद अख्तर, सुधीर कुमार, राजीव रंजन कुमार, अनिरुद्ध कुमार, प्रभाकर कुमार सिंह, ओम प्रकाश साह, कुमकुम प्रसाद अखौरी शशांक सिन्हा, सुनील कुमार नं.1, ज्योत्सना सिंह, अवध नारायण प्रसाद, पवन कुमार मंडल, दीपक कुमार, अजय कुमार तिर्की, सुधीर कुमार दास, गिरिजा शंकर प्रसाद, सुधीर बाड़ा, राजदीप संजय लॉल जान, अनिल कुमार तिर्की, संदीप बक्शी, शैल प्रभा कुजूर, संजय सांडिल्य, प्रभात कुमार, संध्या गुप्ता, पशुपति नाथ मिश्रा, नवीन कुमार, राजकुमार गुप्ता, नंदकिशोर लाल, संजय कुमार, राजीव रंजन, दिलेश्वर महतो, इशितयाक अमदम, विद्यानंद शर्मा पंकज, मो.शबीर अहमद, संगीता लाल, इंदू गुप्ता, रोबिन टोप्पो, नयन तारा केरकेट्टा, आलोक शिकारी कच्छप, अनिलसन कच्छप, संजय पीएम कुजूर, अल्बर्ट बिलुंग, मनोज कुमार, नागेंद्र कुमार, महेश कुमार संथालिया, अशोक कुमार दास, अमित कुमार, राजेंद्र प्रसाद सिंह, सुबोध कुमार, राकेश कुमार दूबे, आसिफ एकराम, नीरज कुमार सिंह, मनौवर आलम, अखलेश कुमार सिन्हा, लियाकत अली, जुल्फिकार अली, अर्चना मेहता, प्रभात कुमार बरदियार, डेविड बलिहार, संदीप कुमार दोराइबुरू, सतीश चंद्रा, विपिन उरांव इत्यादि।

**पलामू लोकसभा चुनाव में हार के 21 दिनों के बाद राजद ने की समीक्षा**

# विस चुनाव में 22 सीटों पर लड़ेंगे

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव में मिली हार के 21 दिनों के बाद राष्ट्रीय जनता दल का पलामू लोकसभा स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन मेदिनीनगर में मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा, पलामू लोकसभा प्रत्याशी ममता भुइयां के अलावा प्रदेश एवं जिला स्तर के कई पार्टी नेता बैठक में मौजूद थे। प्रखंड अध्यक्षों की भी उपस्थित रही। बैठक के दौरान कार्यकताओं से चुनाव में हार को लेकर सुझाव लिए गए। कमियों की जानकारी लेकर उसे पर काम करने का निर्णय लिया गया। हालांकि बैठक के दौरान हंगामा हुआ और आरोप प्रत्यारोप का दौरा चलता रहा। कार्यकर्ता इस बात से नाराज थे कि लोस चुनाव में पार्टी के कुछ नेताओं को ही तरजीह दी गयी, यही हार का कारण बना। बैठक के दौरान राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि पलामू प्रमंडल की सभी सीटों समेत राज्य के 81 विधानसभा सीटों में से 22 पर उन्होंने अपनी दावेदारी पेश की है। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। कैंडिडेट चिन्हित कर दिए गए हैं। पूरे मामले से जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत करा दिया जाएगा। राज्य में विधानसभा चुनाव के समय गठबंधन होता है तो ठीक, नहीं होता है तब भी हम 22 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की भावनाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा। अगर कमियां पाई गई है तो उसे दूर किया जाएगा। अगर उन्हें मान सम्मान देने में कहीं कोई कमी रह गई है तो उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। संगठन को हर स्तर पर सशक्त बनाने की कोशिश रहेगी, ताकि विधानसभा चुनाव के समय पार्टी को बेहतर रिजल्ट मिल सके। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी रही ममता भुइयां ने की।



# पुलिस टार्चर के शिकार ग्रामीण को पांच लाख मुआवजा देने का आदेश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने लातेहार के अनिल कुमार सिंह को नक्सली के संदेह में गारू थाने के तत्कालीन प्रभारी रंजीत कुमार यादव द्वारा घर से उठाकर उसे थाना में टॉर्चर करने के मामले की सीआईडी जांच को लेकर दाखिल क्रिमिनल रिट पर मंगलवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने अनिल कुमार सिंह को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। साथ ही मुआवजा की राशि दोषी अधिकारी से वसूलने का निर्देश दिया है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य के डीजीपी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने उनसे पूछा था कि इस मामले में दोषी के खिलाफ क्यों नहीं उचित कार्रवाई की गई। वहीं, याचिकाकर्ता के अधिवक्ता शैलेश कुमार पोद्दार ने कोर्ट को बताया था कि अनिल कुमार सिंह को गारू थाने के तत्कालीन प्रभारी रंजीत कुमार यादव ने उसके घर से उठाकर दो दिनों तक उसे थाने में रखा था और उसे काफी टॉर्चर किया था। मारपीट करने के साथ उसके पिछले प्राइवेट पार्ट में पेट्रोल भी डाला गया था। इस संबंध में अनिल कुमार ने थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया था। बाद में सात माह बाद रंजीत कुमार यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई लेकिन अब तक तत्कालीन थाना प्रभारी पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई है। तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस घटना को संज्ञान में लेते हुए ट्वीट कर पुलिस अधिकारियों को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।



# कुंबाखुर्द के पीडीएस लाभुकों ने तीन माह से राशन नहीं मिलने पर ब्लॉक का किया घेराव



**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड अंतर्गत कुंबाखुर्द के पीडीएस लाभुकों ने तीन माह से राशन नहीं मिलने से नाराज होकर मंगलवार को मां गायत्री महिला समूह की डीलर गीता लकड़ा के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। लाभुकों ने सीओ सह प्रभारी एमओ विकास कुमार सिंह को आवेदन सौंप कर डीलर गीता लकड़ा के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। एमओ ने लाभुकों को जांचोपरांत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उसके बाद सभी लाभुक वापस घर लौट गये। एमओ को दिये गये आवेदन के माध्यम से लाभुकों ने बताया की डीलर गीता लकड़ा के द्वारा लगातार अनाज की कालाबाजारी की जा रही है। हमलोगों को अप्रैल माह से राशन नहीं दिया गया है। इसके पहले कोरोना काल में केंद्र सरकार से मिलने वाली राशन की भी कालाबजारी कर दी गई है। लाभुकों ने बताया की दो वर्षो में सिर्फ दो माह का ही राशन डीलर के द्वारा वितरण किया गया था। लाभुकों ने एमओ को बताया की इससे पूर्व भी कई बार डीलर के विरुद्ध शिकायत की गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण डीलर का मनोबल बढ़ते जा रहा है। लाभुकों ने एमओ से डीलर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं नियमित राशन दिलाने का अनुरोध किया। घेराव करने वाले लाभुकों में अनिता मिंज, सुमन टोप्पो, धनवंती टोप्पो, शांति बाखला, विमला कुजूर, शुरजी देवी, गिरधारी उरांव, चन्देश्वर उरांव, श्यामा सिंह, कृष्णा उरांव, बबलू चौधरी, मदन अगरिया, रामनाथ उरांव सहित बड़ी संख्या में लाभुकों के नाम शामिल हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### दो बाईक की भिड़ंत में महिला समेत 4 गंभीर

श्री बंशीधर नगर : श्री बंशीधर नगर-गढ़वा मुख्य मार्ग पर यहां पाल्हे कला गांव के समीप मंगलवार की अहले सुबह दो बाईक की आमने सामने हुई टक्कर में एक महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के द्वारा अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों रामाशिष मौर्या, जयशंकर मेहता एवं मुन्ना मेहता की स्थिति गंभीर देखते हुये बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना में घायल होने वालों में उतर प्रदेश के कोण थाना क्षेत्र निवासी रामलेख मेहता के 32 वर्षीय पुत्र रामाशिष मौर्या, अरुण कुशवाहा के 26 वर्षीय पुत्र जयशंकर मेहता, मेराल थाना क्षेत्र के मेराल गांव निवासी अनिल मेहता के पुत्र मुन्ना कुमार तथा धुरकी थाना क्षेत्र के शारदा गांव निवासी विकास मेहता की 28 वर्षीय पत्नी पूजा कुमारी के नाम शामिल हैं। घटना के बारे में बताया जाता है की मेराल निवासी मुन्ना मेहता अपनी बहन पूजा को पहुंचाने शारदा आ रहे थे। इसी बीच पाल्हे कला में विपरीत दिशा से आ रही बाईक से सीधी टक्कर हो गई। जिससे सवार सभी गिरकर घायल हो गये।

## पलामू ▸ उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिला सम्मान

# बीएलओ व पर्यवेक्षक किये गये सम्मानित

**बंशीधर न्यूज**




**विश्रामपुर :** प्रखंड सभागार परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां उत्कृष्ट कार्य करने वाले 9 बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो दे कर सम्मानित किया गया। वहीं सबसे बेहतर बीएलओ के रूप में कार्य करने वाली बूथ संख्या 194 की बीएलओ प्रियंका देवी व राजस्व उप निरीक्षक विजय कुमार चौबे को सबसे बेहतर पर्यवेक्षक के रूप में चिन्हित करते हुये विशेष सम्मान भी दिया गया। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद कहा कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। साथ ही सत्यापन कार्य हेतु उपलब्ध कराये गये स्टीकर, प्रपत्र 6, 7, 8, 9, 10 की प्राप्ति व उसके उपयोग की जानकारी दी गई। साथ हीं पिछले पुनरीक्षण कार्यक्रम व सतत अद्यतनीकरण के दौरान किये गये विलोपन संबंधी प्रविष्टि की जांच व त्रुटिपूर्ण विलोपन के मामलों में आवश्यक सुधार कराने के संबंध में सभी को जानकारी दी गई। ऐसे युवक व युवतियां जो 18-19 वर्ष की हो चुके हो उनका मतदाता सूची में नाम शामिल करें। पूर्व से ब्लैक एंड व्हाइट या स्पष्ट रुप से नहीं दिखाई देने वाले मतदाताओं का फोटो में बदलाव को ले रंगीन फोटो संग्रह करें। बलैक एंड व्हाइट इपिक में बदलाव के लिये फार्म 8 की प्राप्ति करते हुये निष्पादित करें। श्री प्रसाद ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 60 प्रतिशत से कम मतदान वाले मतदान केन्द्रों पर कम मतदान होने का कारणों की समीक्षा की। वैसे मतदान केन्द्र जहां 14 सौ से अधिक मतदाता है उसे रैशनाईल्ज करना, जहां एक से अधिक मतदान केन्द्र है। वहां मतदाताओं की संख्या को रैशनाईल्ज करना, आवश्यकता पड़ने पर मतदान केन्द्र को मर्ज करना, जहां मतदाताओं की संख्या 500 या 500 से अधिक है।

### पलामू, गढ़वा व लातेहार एसपी को मिला प्रशस्ति पत्र

**मेदिनीनगर :** दशकों बाद पलामू जोन में हिंसा मुक्त चुनाव हुआ है। पिछले तीन दशक से नक्सली संगठन चुनाव के दौरान हिंसक घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव में पलामू, लातेहार और गढ़वा के इलाके में किसी भी तरह की हिंसा नहीं हुई है। लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिये भारत निर्वाचन आयोग ने पलामू, लातेहार और गढ़वा एसपी को प्रशस्ति पत्र भेजा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार का पत्र पलामू एसपी रीष्मा रमेशन, लातेहार एसपी अंजनी अंजन और गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय को मिला है। पलामू और गढ़वा, पलामू लोकसभा क्षेत्र जबकि पलामू का पांकी विधानसभा एवं लातेहार, चतरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है।पलामू का इलाका नक्सल हिंसा के लिये पूरे देश भर में चर्चित रहा है और पूर्व में चुनाव के दौरान कई बड़ी घटनाएं हुई हैं। जबकि गढ़वा और लातेहार का सीमावर्ती क्षेत्र पर बूढ़ा पहाड़ मौजूद है, जो माओवादियों का ट्रेनिंग सेंटर रहा है।

### डीडीसी ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की



**मेदिनीनगर :** डीडीसी रवि आनंद ने जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिला में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति की जानकारी ली। साथ ही ग्राम स्तर पर स्वछता/ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु ग्राम कार्य योजना तैयार करने से संबंधित समीक्षा की। ओडीएफ प्लस का सर्टिफिकेशन देने में गति लाने पर बल दिया गया। इसके अतरिक्त व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, गोबरधन, सामुदायिक स्वछता केंद्र, कचरा प्लास्टिक प्रबंधन सहित अन्य बिंदुओ पर विस्तार पूर्वक समीक्षा कर विभिन्न निर्णय लिया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के तरफ से सभी पीएचसी स्तर पर एक-एक समुदायिक शौचालय निर्माण को आवश्यक बताया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, पंचायती राज पदाधिकारी समिति अन्य उपस्थित रहे।

### चावल दिवस का आयोजन

**मेदिनीनगर :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू पलामू के निदेशानुसार सभी प्रखंडो में चावल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा अपने क्षेत्र में दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा निर्धारित मात्रा एवं ससमय लाभुकों को राशन वितरण करने का निदेश दिया गया। बताते चलें कि वर्तमान में माह जून 2024 के तहत खाद्यान्न वितरण, माह अगस्त 2023 और सितम्बर 2023 का ग्रीन कार्डधारियों को चावल वितरण, माह अप्रैल 2024 का चना दाल तथा माह अक्टूबर 2023 से दिसम्बर 2023 तक के अवधि का चीनी तथा नमक का वितरण किया जा रहा है। साथ ही शेष बचे लाभुकों को सोना-सोबरन, धोती-साड़ी का वितरण भी किया जा रहा है।

### मां जीवन हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन

पांकी : पांकी थाना रोड में मां जीवन हॉस्पिटल का उद्घाटन प्रमुख पंचम प्रसाद ने फीता काटकर किया। मौके पर हॉस्पिटल के संचालक डॉ राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि यहां जेनरल फिजिसियन एवं सर्जन 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे, जो बेहतर सेवा देंगे। यहां लोगों का बेहतर इलाज किया जायेगा। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य मिथिलेश यादव, बबलू भुईयां, चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष एनामुल आजाद, छोटे सिंह, मिंटू शर्मा, डॉ अब्दुल रजिक सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा : एसडीओ

**हुसैनाबाद :** एसडीओ पीयूष सिन्हा ने राजनीतिक दल के अलावा सभी प्रखंडों के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ अनुमंडल कार्यालय के सभागार में बैठक की। बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक जुलाई की अहर्ता तिथि मानकर 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले युवाओं को मतदाता बनाने के लिये यह अभियान चलेगा। इसमें कोई भी व्यक्ति जो किसी कारण से मतदाता नहीं बन पाये हैं, अपना नाम जुड़वा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान 25 जून से 24 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान बीएलओ के माध्यम से घर-घर जा कर सत्यापन कराया जायेगा। मतदान केंद्रों का युक्तिकरण/पुनर्गठन, मतदाता सूची/इपिक में भी विसंगतियों को दूर करना शामिल है। 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

## भाजपा से गठबंधन के नाम पर जनता को दिग्भ्रमित ना करें विधायक : विनोद सिंह

**बंशीधर न्यूज**



**हुसैनाबाद :** झारखंड में मात्र आजसू पार्टी के सुदेश महतो के साथ गठबंधन है। जिसे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकसभा चुनाव के दौरान मेदिनीनगर के चियांकी हवाई अड्डा के मैदान में अपने संबोधन के दौरान खुले मंच से घोषणा किये है। उक्त बातें भाजपा नेता सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने कही। वे हुसैनाबाद के रिद्धि सिद्धि होटल में प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। एनसीपी के गठबंधन वाले बयान को भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा से गठबंधन के नाम पर राजनीति कर जनता को दिग्भ्रमित कर रहे है एनसीपी विधायक। उन्होंने कहा कि विभिन्न समाचार पत्रों में एनसीपी (अजित पवार) गुट के द्वारा हुसैनाबाद विधायक व पार्टी के द्वारा दिया गया बयान जिसका शीर्षक, झारखण्ड में एक सीट से अधिक पर लड़ेगी वह गलत है। अपनी खिसकती राजनीतिक जमीन को चर्चा में लाने वाला बयान हैं। उन्होंने कहा जनता दिग्भ्रमित नही होगी क्योंकि भाजपा राष्ट्रीय पार्टी हैं। जहां तक गठबंधन की बात है तो राष्टीय पार्टी के गठबंधन राज्य के आधार पर होती हैं और यह तय केंद्रीय नेतृत्व करता हैं। हमलोग तो सिर्फ एक साधारण कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि विधायक हार मान चुके है। क्योंकि हुसैनाबाद की जनता उन्हें चुनाव से पूर्व नकार चुकी हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण हैं कि पहले अपने पुत्र को चुनाव लड़ाने की बात करते थे। लेकिन सुना है कि अब तो वे खुद पुनः चुनाव मैदान में होंगें। भाजपा हुसैनाबाद विस चुनाव कमल फूल छाप सिम्बल पर लड़ेगी। चुनाव कौन लड़ेगा यह तय करना केंद्रीय नेता का काम हैं।

## अबुआ आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश

### बैठक से अनुपस्थित कर्मियों के विरुद्ध स्पष्टीकरण पूछने का निर्णय

**बंशीधर न्यूज**



**विश्रामपुर :** प्रखंड कार्यालय विश्रामपुर के सभाकक्ष में मंगलवार को पंचायत समिति की हुई बैठक में कई निर्णय लिया गया। वहीं बैठक में अनुपस्थित रहे कई विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों से स्पष्टीकरण करने पूछने का प्रस्ताव पारित किया गया। उप प्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत पूर्व की बैठक में लिये गये प्रस्तावों का अवलोकन करते हुये अनुमोदन किया गया। बीडीओ सह सीओ चन्द्रदेव प्रसाद ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 468 अबुआ आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें अबतक 173 आवासों के लाभुकों ने अपना नींव का कार्य पूर्ण कर लिया है। बीडीओ ने सम्बंधित कर्मियों को सख्त निर्देश देते हुये शेष लाभुकों से एक सप्ताह के भीतर नींव पूर्ण कराने का प्रयास करें ताकि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूरा किया जा सके। उन्होंने मनरेगा कार्यों को गति दिलाने के लिये भी निर्देश दिया। मेंडेड बढाने के लिये सभी स्वयं सहायता समूह को लगाया गया है। इसकी देखरेख में बीपीएम को जिम्मेवारी दी गयी है ताकि दीदी बाड़ी योजना का अधिक से अधिक लाभ लोगों को मिले। बैठक में राजस्व संग्रहण पर भी सबंधित कर्मियों से चर्चा कर कई निर्देश दिया गया ताकि राजस्व को बढ़ाया जा सके। बीडीओ ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने की कोई जरूरत ही नहीं है क्योंकि सभी कार्यों का निष्पादन ऑनलाईन ही हो जाता है। उन्होंने बताया कि दाखिल खारिज के 33 मामले का निष्पादन किया जा चुका है। शेष प्रोसेस में है जिसे जल्द ही निष्पादित कर दिया जायेगा। उन्होंने परिशोधन पोर्टल की भी जानकारी देकर उसका लाभ लोगों को दिलाने का निर्देश दिया। बैठक में पंसस सूर्यमल राम, दयाल विश्वकर्मा, सत्यप्रकाश शुक्ला, सविता देवी सहित विभिन्न विभाग के कई अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## जिलास्तरीय टीएलएम मेला आयोजित

**बंशीधर न्यूज**




**मेदिनीनगर :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत आज टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन पलामू डीसी रवि आनंद व जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि रवि आनंद ने कहा कि शिक्षकों को निपुण भारत मिशन का सपना पूर्ण करने के लिये अपना भरपूर योगदान देना ही शिक्षक का मुख्य कर्तव्य है। डीईओ दुगार्नंद झा ने कहा कि शिक्षकों का समर्पण ही बच्चों के उम्र और कक्षा के अधिगम स्तर तक पहुंचा सकेगा। उन्होंने राज्य स्तर पर बेहतर करने के लिये शुभकामनाएं संप्रेषित की। मेला में जिला के सभी 21 प्रखंडों के शिक्षकों ने शिक्षण सामाग्री का प्रदर्शन किया। इसके बाद चयनित शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन राज्य स्तरीय निपुण समागम 4 से 7 जुलाई में खेलगांव, टाना भगत स्टेडियम रांची में आयोजित होगा। इस अवसर पर शिक्षकों को मोटिवेशनल स्पीकर द्वारा प्रोत्साहित किया जायेगा। पुरस्कार हेतु चयन समिति में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह, डायट संकाय सदस्य प्रेमलता कुमारी, हसन रजा, संपर्क फाउंडेशन के प्रतिनिधि नवीन कुमार दुबे व आईपीईएल प्रतिनिधि रामायण कुमार शामिल थे। कार्यक्रम का का संचालन राज्य साधन सेवी दिनेश कुमार शुक्ल व धन्यवाद ज्ञापन हुसैनाबाद क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी राम नरेश राम ने किया। मेला को बेहतर ढंग से क्रियान्वित करने व सफल बनाने में एपीओ जॉन मुथू, राज्य साधन सेवी दिनेश कुमार शुक्ल, पूजा सिन्हा, नंदकिशोर कुमार, अभिषेक राज, प्रेमलता कुमारी का सराहनीय सहयोग रहा।

## न्यूज अपडेट्स

### शिकायत के बाद पंचायत सचिव का स्थानांतरण

**भवनाथपुर :** प्रखंड के भवनाथपुर पंचायत के लाभुकों के द्वारा बीडीओ से लिखित शिकायत के बाद पंचायत सचिव विष्णु प्रसाद को भवनाथपुर पंचायत से हटाते हुये चपरी पंचायत में स्थानांतरण किया गया है। जबकि भवनाथपुर में नवनीत कुमार को प्रभार दिया गया। बताते चलें कि भवनाथपुर के एक दर्जन लाभुकों ने पंचायत सचिव विष्णु प्रसाद पर आचरण के विरुद्ध कार्य करने को लेकर लिखित आवेदन देकर पंचायत से अविलंब हटाने की मांग की गई थी। दिये आवेदन में लाभुक शिव शंकर राम, सुरेश कुमार, अमृत कुमार, रामशंकर मेहता, नागवंत मेहता, अजित यादव, अमित कुमार, विजय राउत, रघुनाथ राम, राम जन्म राम, जनक राउत सहित अन्य दर्जनों लाभुकों ने उल्लेख किया था कि पंचायत सेवक विष्णु प्रसाद का लाभुकों के साथ व्यवहार अच्छा नहीं है। लाभुकों को अनावश्यक परेशान करना इनका प्रतिदिन का कार्य है।

### प्रभा सेवा सदन अस्पताल का उद्घाटन

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के सिद्धनाथ गेट के समीप प्रभा सेवा सदन का उद्घाटन भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह और डेहरी ऑन सोन के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सुनील कुमार बोस ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद के लिये यह बहुत ही अच्छी खबर है कि सुप्रसिद्ध डॉक्टर सुनील कुमार बोस इस शहर में ओपीडी करेंगे। अब मरीजों को 70 किलोमीटर की दूरी तय कर बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

# सदर अस्पताल में लापरवाही, झामुमो ने की डीसी से कार्रवाई की मांग



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा सदर अस्पताल में लापरवाही का जबरदस्त आलम बना हुआ है। यहां आय दिन लागातर मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में झामुमो के प्रतिनिधि मंडल ने डीसी शेखर जमुआर को आवेदन सौंप कर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की शिकायत करते हुये प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। डीसी को सौंपे गये आवेदन में कहा गया है कि सदर अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों द्वारा लगातार लापरवाही की जा रही है। गत सोमवार की संध्या पचपड़वा में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके शव को सदर हॉस्पिटल लाया गया। इस दौरान यहां कोई भी कर्मी, प्रबंधक या चिकित्सक सहयोग के लिये मौजूद नहीं थे। वास्तविक जानकारी के लिये रात्रि नौ बजे से 11 बजे का तक सीसीटीवी की जांच कराई जा सकती है। आवेदन में कहा गया है कि हत्या जैसे गंभीर अपराध में जहां एक ओर पुलिस प्रशासन तथा जिला प्रशासन सक्रियता के साथ सजग होकर काम कर रही थी। वहीं दूसरी और अस्पताल प्रबंधन का लापरवाह रवैया सोच से परे था। ऐसी हरकतों से स्थानीय जन प्रतिनिधि की बदनामी हो रही है। झामुमो नेताओं ने कहा है कि इस मामले की जांच कर लापरवाह कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाय। यदि भविष्य में पुनः ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो जनहित में ऐसे भ्रष्ट, असंवेदनशील एवं लापरवाह अधिकारियों का झामुमो लोकतंत्रिक रूप से विरोध करेगी। आवेदन सौंपने वालों में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर आदि का नाम शामिल है।

**अपराध** अपराधियों की शीघ्र होगी गिरफ्तारी : एसपी

# युवक की हत्या, सड़क जाम

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा थाना क्षेत्र के पचपड़वा गांव में अपराधियों ने महुलिया गांव निवासी तैयब अंसारी 25 वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच 343 करीब 2 घंटे तक जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण गढ़वा से अंबिकापुर जाने वाले यात्री काफी परेशान रहे। जाम लगने के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई। आक्रोशित परिजन अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी व मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग पर अड़े हुये थे। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने समझा बूझाकर जाम समाप्त कराया गया। जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व तैयब का पुत्र जन्म लिया था। सोमवार की संध्या तैयब घर का कुछ सामान लेने तथा बेटे की जन्म पर दोस्तों को पार्टी देने पचपड़वा पहुंचा था। इस बीच उसके साथ आये एक दोस्त के साथ पचपड़वा में वाहन से साईड लेने के क्रम में अपराधियों से विवाद हो गया। इस संबंध में एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि पचपड़वा गांव में तैयब अंसारी की हत्या हुई है। घटना वाहन से साईड लेने के क्रम में विवाद के कारण घटी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद तैयब से नहीं हुई थी। उसके साथ आये हुये कुछ साथियों के साथ विवाद हुआ था। लेकिन अपराधियों ने गोली चला दी। जो तैयब के माथे में जा लगी। उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। पुलिस सख्ती से कार्रवाई कर रही है।

### केतार पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**केतार :** पुलिस ने मंगलवार की दोपहर में थाना गेट के समीप दो पहिया वाहन जांच अभियान चलाकर सात बाईक को बिना हेलमेट के चलाते हुये पकड़ कर चालान किया है। इसकी जानकारी देते हुये थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अगले आदेश तक लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहन कर वाहन चलाये, अपने साथ वाहन का कागजात साथ रखें, वाहन चलाते समय नशा पान नहीं करें अन्यथा पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी। वाहन जांच अभियान में एएसआई वेंकेटेश वर्मा सहित थाना के शस्त्र बल शामिल थे।

### बीडीओ के प्रभार के बाद प्रखंड में विकास की गति रुक गई है : भाजपा



**केतार :** प्रखंड के भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद एवं विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने संयुक्त प्रेस कॉफ्रेंस कर कहा कि प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। उन्होंने कहा कि जब से केतार में बीडीओ अपना प्रभार लिये हैं तब से प्रखंड में विकास की गति रुक गई है। साथ ही भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जैसे मोटेशन, खाद्य आपूर्ति, मनरेगा, अबुआ आवास, सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं की स्थिती काफी लचर हो चुकी है। यहां तक कि वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवारिक लाभ सहित अन्य योजनाओं का का भी कार्य बाधित हैं। यदि इस तरह की व्यवस्था और भाषा पर रोक नहीं लगती है तो हम सभी लोग धरना प्रदर्शन के लिये बाध्य होंगे। मौके पर उक्त सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### नावा बाजार में मिर्ची लदा हुआ पीकअप पलटी, चालक व उपचालक घायल



**विश्रामपुर :** विश्रामपुर-ईटको पथ पर दुर्गा माइंस के समीप एक पीकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में चालक व सह चालक को चोटें आई हैं। दुर्घनाग्रस्त पीकअप पर मिर्ची लदा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिये अस्पताल भेज दिया। वहीं दुर्घनाग्रस्त वाहन को अनलोड कराकर पुलिस थाना लाकर पार्क कर कार्रवाई शुरू कर दिया है।

### चुनाव देख झारखंडवासियों को ठगने में लगी है राज्य सरकार : सतीश

**मेदिनीनगर :** पिछले विस चुनाव में लगातार झूठ का भ्रम फैलाकर राज्य की सत्ता पाने में कामयाब इन्डिया गठबन्धन लोकसभा चुनाव में अपनी हार को नहीं पचा पा रही है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि झामुमो अपने चुनावी घोषणा पत्र का मूल्यांकन करे कि उसने घोषणा पत्र के किस बिन्दु पर कार्य किया। पलामू को झारखंड की उप राजधानी बनाने का वादा आज भी अधूरा है। पाच लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी, शिक्षित बेरोजगार को 5-7 हजार बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये योजना बनाने समेत कई घोषणाएँ झूठा साबित हो रही है। मुख्यमंत्री पद पर रहकर घोटाला करने वाले हेमंत सोरेन आज जेल मे में बंद हैं। इनके साथ इनके मंत्रीमंडल के लोग भी बंद है और कुछ मंत्रियों को जेल जाने की संभावना है। आजसू नेता सतीश कुमार ने कहा कि जल जंगल जमीन से जनता के अधिकारों से वंचित किया है। माय माटी की अवधारणा को खत्म कर झारखण्ड आन्दोलनकारी के मान सम्मान स्वाभिमान से क्रुर मजाक किया है। तथाकथित झारखण्ड आन्दोलनकारी शिबू सोरेन हो या झारखण्ड आन्दोलन कि उपज राज्य के मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने झारखंड के अस्तित्व से मजाक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता इंडिया गठबंधन के झूठ को समझ रही है और आगामी चुनाव में सबक सिखायेगी।

### लायंस क्लब ने चलाया सेवा कार्य

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** सेवा के क्षेत्र में समर्पित संगठन लायंस क्लब मेदिनीनगर के सदस्यों ने सोमवार को सेवा के कई कार्य किया। इसके तहत रेलवे स्टेशन परिसर में समोसा एवं मिठाई वितरण के साथ असहाय मरीज को मुक्त ऑपरेशन एवं जरूरतमंदों को रक्तदान किया गया। विश्रामपुर निवासी वीरू राम सफर करते समय किसी वाहन की चपेट में आ गया था और ऐसी स्थिति में उसके पैर को बचा पाना बहुत मुश्किल था। लायंस निलेश चंद्र के माध्यम से निर्मला मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ ने नि:शुल्क स्पेशल ऑपरेशन थिएटर में उसका सफल ऑपरेशन किया। डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि ऐसे असमर्थ व्यक्ति की सेवा करने में निश्चल सुकून महसूस होता है। यह अपने पैरों से चलकर हमारे अस्पताल में कभी आये और आशीर्वाद दें यही मेरी कमाई होगी। गुरबीर सिंह ने अपने चाचा स्वर्गीय परविंदर सिंह की पुण्यतिथि पर स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में समोसा एवं मिठाई का वितरण किया। समाजसेवी शीतल वर्मा द्वारा वालिया परिवार के थैलेसीमिया पीड़ित बच्चा के लिये अपना रक्तदान किया गया।

### कारगिल विजय दिवस आज, धूमधाम से मनायेगा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद

**मेदिनीनगर :** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पलामू इकाई सदस्यों की बैठक जिला कार्यालय में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस समारोह धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में शहीद सैनिकों के वीर नारियों और युद्ध के दौरान घायल वीर सैनिकों को सम्मानित किया जायेगा। वहीं, स्कूली बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। बैठक में जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, उपाध्यक्ष गिरवर प्रजापति, महासचिव दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दया शंकर शर्मा, मोहम्मद रफीक अंसारी, पेंशन अधिकारी कामाख्या नारायण सिंह, सचिव समता प्रसाद शर्मा, संगठन मंत्री हरिहर तिवारी, सम्मानित सदस्य प्रेमचंद शुक्ला और सुनील कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## आठ सूत्री मांगों को लेकर आमरण अमशन शुरू

# अबुआ आवास में भ्रष्टाचार का विरोध

बंशीधर न्यूज




**भवनाथपुर :** प्रखंड में अबुआ आवास में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं गड़बड़ी को लेकर भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य सह पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर ने आठ सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में आमरण अमशन शुरू कर दिया। पंसस चन्दन ठाकुर ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं रहने के कारण योग्य एवं जरूरत मंद लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आवास का जियो टैग करने का काम सरकार द्वारा चुने गये स्वयंसेवक का है लेकिन स्वयंसेवक से कार्य नहीं कराया जा रहा है। अबुआ आवास की प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन सभी पंचायत सचिवालय में दीवार लेखन कर नहीं कराने से उपरोक्त योजना में भ्रष्टाचार हावी है। जिसके चलते गरीब, गृह विहीन, दिव्यांग, आवास विहीन लोगों को अबुआ आवास का लाभ नहीं मिल रहा है। सभी पंचायतों में मनरेगा योजना में पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य के जानकारी के बिना योजना का संचालन हो रहा है। उपरोक्त जनप्रतिनिधियों के जानकारी के बिना योजना का कार्य होने से मनरेगा में भ्रष्टाचार हावी है। पंसस ने बताया कि उपरोक्त मुद्दों को लेकर कई बार अधिकारियों को आवेदन दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसलिये बाध्य होकर ग्रामीणों के साथ आमरण अनशन पर बैठे हैं। यह अनशन मांगे पूरी होने तक चलते रहेगा। मौके पर मनोज पहाड़िया, अरसली दक्षिणी पंसस शकील अहमद, सुरेश गुप्ता, दयानन्द यादव, ब्रह्मदेव चंद्रवंशी, वार्ड सदस्य मनोज

### आजादी की दूसरी लड़ाई था आपातकाल

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी द्वारा लगाये गये इमरजेंसी के विरोध में शनिवार को पलामू भाजपा के नेताओं ने काला दिवस के रूप से मनाया। भाजपा जिला कार्यालय में संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व संचालन जिला उपाध्यक्ष रीना किशोर ने किया। मौके पर मीसा बंदी प्रोफेसर केके मिश्रा को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि आपातकाल इस देश में आजादी की दूसरी लड़ाई की तरह था। सत्ता पर काबिज रहने के लिए देश में आपातकाल लगाया गया। मीडिया पर शिकंजा कसा गया। नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में लोकतंत्र की हत्या करते हुए देश में आपातकाल लगाया और विरोधी दलों के लोगों पर अमानवीय अत्याचार किये। मौके पर पूर्व सांसद मनोज कुमार, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, अम्लेश्वर दुबे, अरूणा शंकर, मंगल सिंह, रूपा सिंह, ज्योति पांडेय, जितेंद्र तिवारी, सीटू गुप्ता, विजय ओझा, सुनील पासवान, सोमेश सिंह, शिवशंकर मिश्रा आदि उपस्थित थे।



## 'कल्कि 2898 एडी' की छप्पर फाड़ एडवांस बुकिंग, 17.43 करोड़ कमाई

कल्कि 2898 एडी बिग बजट बॉलीवुड फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण, प्रभास इतनी मजबूत स्टारकास्ट वाली फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कल्कि 2898 एडी फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। प्रदर्शन से पहले ही इस फिल्म ने एडवांस बुकिंग से करोड़ों की कमाई कर ली है। इस फिल्म की एडवांस बुकिंग को फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के अब तक 5 लाख 62 हजार 945 टिकट बिक चुके हैं। एडवांस बुकिंग से फिल्म ने 17.43 करोड़ तक की कमाई कर ली है। ऐसे में उम्मीद है कि कल्कि 2898 एडी फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी यह साइंस फिक्शन फिल्म है। यह फिल्म एक महाकाव्य पर आधारित है। 600 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म में दीपिका, अमिताभ बच्चन, प्रभास उनके साथ कमल हासन और दिशा पटानी भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म कल्कि 2898 एडी देश में करीब 4500 से 5000 स्क्रीन्स पर रिलीज होगी। यह फिल्म आईमैक्स और 3डी फॉर्मेट में भी रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी के अलावा तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़ भाषा में भी रिलीज होगी।

## 'गोधरा' का ट्रेलर रिलीज, 12 को सिनेमाघरों में दिखेगी




गोधरा में 2002 में हुए दंगों पर आधारित फिल्म गोधरा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 27 फरवरी, 2002 को साबरमती एक्सप्रेस को गोधरा जंक्शन के पास रोका गया। इसके अलावा हमलावरों ने ट्रेन के डिब्बे भी जला दिए। 22 साल बाद भी गुजरात से इस दर्द की याद लोगों के जेहन में बनी हुई है। यह फिल्म 12 जुलाई को रिलीज होने वाली है। दुर्घटना या साजिश गोधरा फिल्म को लेकर पिछले कुछ दिनों से हर कोई उत्सुक था। अब इस फिल्म के ट्रेलर में हॉट टॉपिक और डायलॉग्स देखने को मिल रहे हैं। टीजर में सवाल पूछे गए हैं, साबरमती ट्रेन को जलाया नहीं गया सर उनको जलाने दिया गया, गलती से उस ट्रेन में आग लग गई तो फायर ब्रिगेड कहां था? फिल्म में बिग बॉस ओटीटी 3 फेम एक्टर रणवीर शौरी मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही लोगों ने लाइक्स और कमेंट्स की बौछार कर दी है। इस फिल्म में बिग बॉसओटीटी 3 में हिस्सा ले रहे एक्टर रणवीर शो का जलवा दिखा रहे हैं। इसके अलावा एक्टर मनोज जोशी, गणेश यादव, हितू कनोडिया, गुलशन पांडे एक्सीडेंट ऑर कॉन्सपिरेसी गोधरा में नजर आ रहे हैं।

## ओम बिरला का दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनना तय, राजस्थान में खुशी की लहर



# आदिवासी रेजीमेंट बनाने से मिलेगी अलग पहचान : चम्पाई



### मुख्यमंत्री से लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने की शिष्टाचार भेंट

बंशीधर न्यूज

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मंगलवार को भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर, कमांडिंग-इन-चीफ, ईस्टर्न कमांड और लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी (यूवाईएसएम, एवीएसएम, एसएम) ने शिष्टाचार भेंट की। मौके पर मुख्यमंत्री ने जाट रेजीमेंट, बिहार रेजीमेंट, पंजाब रेजीमेंट, सिख रेजीमेंट और मद्रास रेजीमेंट आदि की तर्ज पर आदिवासी रेजीमेंट बनाने से संबंधित अपनी भावना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आदिवासी रेजीमेंट के गठन से देशभर के आदिवासियों को सेना में अलग पहचान भी मिलेगी।

### झारखंड में भी इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी बनाने में सहयोग करेगी राज्य सरकार

लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने झारखंड में भी पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन का प्रस्ताव रखा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में सेना द्वारा प्रस्ताव मिलने पर सरकार पूरा सहयोग करेगी।

उल्लेखनीय है कि सेना के इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी में भूतपूर्व सैनिक होते हैं, जो पर्यावरण के लिए कार्य करते हैं। झारखंड में इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में सेना भी बड़े स्तर पर योगदान कर सकेगी। खासकर इस राज्य के भौगोलिक परिवेश को देखते हुए जंगलों और खनन क्षेत्र में पौधरोपण और अन्य माध्यमों से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

### फौज बहाली में आदिवासियों को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना में झारखंड के आदिवासी युवा अपनी सेवा देते आ रहे हैं। फौज बहाली में यहां के आदिवासियों को और ज्यादा से ज्यादा अवसर प्राप्त हो। इसमें सेना आदिवासियों को आगे लाने की दिशा में पहल करें। लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि इस दिशा में सेना की स्थानीय जीओसी के माध्यम से आदिवासियों को सेना बहाली के योग्य तैयार करने के लिए प्रशिक्षण समेत अन्य सभी सहयोग किया जाएगा।

### डूरंड कप के आयोजन में सहयोग करने के लिए जताया आभार

लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि डुरंड कप (प्रेसिडेंट कप) एशिया की सबसे पुरानी और विश्व की दूसरी सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता है। इस बार जमशेदपुर की मेजबानी में इस प्रतियोगिता का आयोजन होना है, जिसमे राज्य सरकार हर स्तर पर सहयोग कर रही है।

इस दौरान मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल राजेंद्र पुरी, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, कर्नल वीएस आडकर और मेजर जनरल एमपी सिंह मौजूद रहे।

### लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव आज

**नई दिल्ली।** लोक सभा की कार्यवाही मंगलवार शाम नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण के बाद बुधवार 11 सुबह बजे तक के लिए स्थगित हो गई। कल के बाद से राज्यवार सदस्यों ने शपथ ली। शपथ के बाद प्रोटेम स्पीकर की ओर से कार्यवाही को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा में बुधवार को नए अध्यक्ष पद का चुनाव होगा। चुनाव के पहले पक्ष और विपक्ष



दोनों की ओर से नामांकन किया गया है। सत्ता पक्ष की ओर से ओम बिरला और विपक्ष की ओर से के. सुरेश ने नामांकन किया। इसी बीच राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी पार्टी सदस्यों को व्हिप जारी करने शुरू कर दिए हैं। लोक सभा में बुधवार को अध्यक्ष के चुने जाने के बाद गुरुवार को राष्ट्रपति का दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण होगा। इसके बाद शुक्रवार से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर दोनों सदनों में चर्चा होगी।

### लोस में दिलेश्वर कामत व रास में संजय झा बने जदयू के नेता

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने मंगलवार को लोकसभा और राज्यसभा में जदयू संसदीय दल के नेताओं के नाम का एलान किया। लोकसभा में दिलेश्वर कामत को और राज्यसभा में संजय झा को जदयू संसदीय दल का नेता चुना गया है। अति पिछड़ी जाति से आने वाले दिलेश्वर कामत लगातार दूसरी बार सांसद चुने गये हैं।

### Hit लिस्ट

#### झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ताओं के लिए स्पेशल बस सेवा शुरू

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ताओं के लिए मंगलवार से स्पेशल बस



सेवा शुरू की गयी। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस ने हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के आग्रह पर रांची नगर निगम को वकीलों के लिए बस सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया था, ताकि दूर-दराज से आकर हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं को यातायात की सुविधा मिल सके। इसके बाद रांची नगर निगम ने पुराने हाई कोर्ट से नये हाई कोर्ट के लिए तीन बसों की शुरूआत की है। पुराने हाई कोर्ट से रोजाना सुबह नौ बजे, 9:15 और 9:30 बजे से नये हाई कोर्ट के लिए खुलेगी। साथ ही नये हाई कोर्ट से वापस आने के लिए शाम के पांच बजे, 5:15 बजे और 5:30 बजे बसें संचालित होंगी।

#### भाजपा ने अपने लोकसभा सदस्यों को जारी किया व्हिप

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष के लिए बुधवार को चुनाव होना है। इस चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सभी लोक सभा सदस्यों को 26 जून को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन



लाइन का व्हिप जारी किया है। एनडीए ने लोक सभा अध्यक्ष पद के लिए कोटा से भाजपा सांसद ओम बिड़ला को उम्मीदवार बनाया है। वे 2019 से 2024 तक लोकसभा के स्पीकर रहे हैं। जबकि इंडिया ब्लाक की ओर से कांग्रेस ने आठ बार से सांसद के. सुरेश को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने भी अपने सभी लोक सभा सदस्यों को उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है।

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर मिशन मोड में प्रदेश भाजपा

# चुनाव से पूर्व घोषित नहीं होगा सीएम फेस

**रांची।** लोकसभा चुनाव में मिले झटके के बाद भाजपा अब आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह मिशन मोड में है। भाजपा ने प्रचार और संगठनात्मक गतिविधियों को तेजी से बढ़ाया है ताकि वह चुनावी मैदान में मजबूत प्रतिस्पर्धा कर सके। हालांकि, लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रदेश भाजपा में अंदरूनी कलह बढ़ी है। इसका प्रभाव झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव में न पड़े और झारखंड में भाजपा की सरकार बने इसके लिए पार्टी खास रणनीति पर काम कर रही है। केंद्रीय नेतृत्व ने हर हाल में झारखंड में सत्ता में वापसी का टास्क प्रदेश भाजपा को दिया। इसकी झलक भाजपा के कार्यक्रम के रोड मैप में दिख रहा है। झारखंड में चुनाव प्रभारी बनने के बाद पहली बार झारखंड दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और सह



प्रभारी हिमंता बिश्वा सरमा ने जिस तरह से बैठक की है उससे साफ लग रहा है कि भाजपा विधानसभा चुनाव को लेकर कितनी चिंतित है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के नेतृत्व में चुनाव लड़ा था और मुख्यमंत्री का चेहरा भी प्रोजेक्ट किया था लेकिन जनता ने इसे ठुकरा दिया। हालत यह बनी कि खुद मुख्यमंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र से हार गए। पिछले चुनाव में भाजपा 65 पार का नारा के साथ चुनाव मैदान में उतरी थी लेकिन फेल हो गई और महज 25 सीटों पर सिमट गई थी। बीते लोकसभा चुनाव में पार्टी ने देशभर में 400 पार के साथ झारखंड की सभी 14 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा था। इसमें भी भाजपा को झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों में झटका लगा है। हालांकि, भाजपा नेताओं का मानना है कि लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड के करीब 50 विधानसभा क्षेत्रों में आगे रहना शुभ संकेत है और इसी बल पर सत्ता परिवर्तन की उम्मीद की जा सकती है।

## प्रधानमंत्री मोदी अगले महीने कर सकते हैं रूस की यात्रा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने रूस की यात्रा कर सकते हैं। यह 2019 के बाद उनकी लगभग पांच साल बाद रूस देश की यात्रा होगी। क्रेमिलन ने प्रस्तावित यात्रा की पुष्टि की है। हालांकि भारत की ओर से अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव ने एक बयान में कहा है कि वे केवल इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि हम भारत के प्रधान मंत्री की यात्रा की तैयारी कर रहे हैं। अभी तारीखों के बारे में कुछ नहीं कहा जा



सकता। यह दोनों पक्षों की सहमति के बाद घोषित होंगी। मोदी की रूस की यात्रा से उनके और राष्ट्रपति पुतिन के बीच तीन साल के अंतराल के बाद भारत-रूस वार्षिक शिखर वार्ता होगी। भारत के प्रधानमंत्री और रूस के राष्ट्रपति के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में सर्वोच्च संस्थागत संवाद तंत्र है। अब तक दोनों देशों के बीच 21 बार यह सम्मेलन हो चुका है जो एक बार रूस और एक बार भारत में आयोजित होता है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)